Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 20 फरवरी, 2020

अखलि भारतीय फुटबॉल महासंघ

अखलि भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) ने एशियाई फुटबॉल परसिंघ (AFC) की 'ग्रासरूट्स चार्टर ब्रोंज़ लेवल' (Grassroots Charter Bronze Level) सदस्यता प्राप्त कर ली है। इसके माध्यम से AIFF को अपने सभी बुनियादी आयोजनों को एशियाई फुटबॉल परसिंघ द्वारा मान्यता प्राप्त के रूप में बढ़ावा देने की अनुमतमिलि गई है। ज्ञात हो कविर्ष 2014 में AIFF को फलीिपींस और ताजकिस्तिान के साथ प्रेसडिेंट रकिग्नशिन अवार्ड फॉर ग्रासरूट्स फुटबाल (President Recognition Award for Grassroots Football) भी प्राप्त हुआ था। अखलि भारतीय फुटबॉल महासंघ (AIFF) एक राष्ट्रीय संघ है जसिकी स्थापना वर्ष 1937 में शमिला स्थति सेना मुख्यालय में हुई थी। एक महासंघ के रूप में यह देश भर में फुटबॉल प्रतयोगिताओं का आयोजन करता है। AIFF एशियाई फुटबॉल परसिंघ (AFC) के संस्थापक सदस्यों में से एक है, जो एशिया में फुटबॉल का प्रबंधन करता है।

मकिी राइट

सबसे सफल महलिा गोल्फरों में से एक, मकिी राइट (Mickey Wright), का 85 वर्ष की आयु में नधिन हो गया है। मकिी राइट ने वर्ष 1954 से वर्ष 1969 तक के अपने पेशेवर कैरयिर कुल 13 मेजर और 82 LPGA टूर खतिाब जीते थे। मकिी राइट का जन्म कैलीफोर्नयिा के सैन डएिगो (San Diego) में वर्ष 1935 में हुआ था। अपने शानदार गोल्फ कैरयिर में मकिी राइट ने कई पेशेवर खतिाब जीते, जनिमें वर्ष 1952 का यू.एस. गर्ल्स जूनयिर चैंपयिनशपि भी शामलि है। ज्ञात हो कमिकिी राइट ने मात्र 34 वर्ष की उम्र में 1969 में रटिायरमेंट ले लयिा था।

वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस 'एथनोलॉग'

हाल ही में वर्ल्ड लैंग्वेज डेटाबेस 'एथनोलॉग' (Ethnologue) का 22वाँ संस्करण जारी कयिा गया है, जसिके अनुसार हदिी वशि्व की तीसरी सबसे अधकि बोली जाने वाली भाषा है और वशि्व में लगभग 615 मलियिन लोग हदिी भाषा का उपयोग करते हैं। 'एथनोलॉग' के मुताबकि अंग्रेज़ी वशि्व की सबसे अधकि बोली जाने वाली भाषा है और वशि्व के लगभग 1132 मलियिन लोग अंग्रेज़ी भाषा का उपयोग करते हैं। जबकमिैन्डरनि (Mandarin) वशि्व की दूसरी सबसे अधकि बोली जाने वाली भाषा है और वशि्व के लगभग 1117 मलियिन लोग इसका उपयोग करते हैं। इस डेटाबेस के अनुसार, बांग्ला वशि्व की 7वीं सबसे अधकि बोली जाने वाली भाषा है और 228 मलियिन लोग बांग्ला भाषा बोलते हैं। 'एथनोलॉग' दुनयिा की जीवति भाषाओं का एक वार्षकि डेटाबेस है, जसिकी स्थापना वर्ष 1951 में की गई थी। वर्तमान में इस डाटाबेस के अंतर्गत दुनयिा की 7,111 जीवति भाषाएँ शामलि हैं।

अशरफ गनी- अफगानस्तिान के नए राष्ट्रपतति

अफगानस्तिान में लगभग पाँच महीने पहले राष्ट्रपतपिद के लयिे हुए मतदान के बाद वहाँ के चुनाव आयोग ने अशरफ गनी को वर्ष 2019 के राष्ट्रपतचिुनाव में वजियी घोषति कयिा। चुनाव आयोग के अनुसार चुनावों में डॉ. अब्दुल्ला-अबदुल्ला को दूसरा स्थान प्राप्त हुआ है। चुनाव आयोग के प्रमुख हावा आलम नूरस्तिानी ने कहा कअिशरफ गनी को 50.64 प्रतशित मत प्राप्त हुआ हैं। अशरफ गनी के प्रतदि्वंदी डॉ. अब्दुल्ला ने कहा कमितदान में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियाँ की गईं और इसीलयि वे इन नतीजों को स्वीकार नहीं करेंगे। राष्ट्रपतपिद के लयिे अफगानस्तिान में पछिले वर्ष 28 सतिंबर को मतदान हुआ था।

मनोहर पर्रकिर रक्षा अध्ययन एवं वशि्लेषण संस्थान

केंद्र सरकार ने पूर्व रक्षा मंत्री मनोहर पर्रकिर की 'प्रतबिद्धता और वरिासत' के सम्मान में सरकारी थकि टैंक रक्षा अध्ययन एवं वशि्लेषण संस्थान (Institute for Defence Studies and Analyses-IDSA) का नाम बदलकर मनोहर पर्रकिर रक्षा अध्ययन एवं वशि्लेषण संस्थान कर दयिा है। ज्ञात हो कमिनोहर पर्रकिर 9 मार्च, 2014 से लेकर 14 मार्च, 2017 तक रक्षा मंत्री रहे थे। बीते वर्ष 17 मार्च को कैंसर के कारण उनका नधिन हो गया था। वह भारत के कसिी राज्य के मुख्यमंत्री बनने वाले ऐसे पहले व्यक्तहिैं जनि्होंने IIT से स्नातक कयिा। मनोहर पर्रकिर ने वर्ष 1978 में IIT बॉम्बे से मेटलर्जकिल इंजीनयिरगि में स्नातक कयिा था। IDSA एक सरकारी थकि टैंक है जसिकी स्थापना वर्ष 1965 में रक्षा एवं सुरक्षा के सभी पहलुओं में नीतिसंबंधी अध्ययनों के लयिे की गई थी।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-20-february-2020